श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 125, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार, 11 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# पीएम मोदी ने रखी नए संसद भवन की नींव

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुराने संसद भवन ने स्वतंत्रता के बाद के भारत को दिशा दी तो नया भवन आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का गवाह बनेगा। नया संसद भवन समय और जरूरतों के अनुसार परिवर्तन का प्रयास है।**

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन की आधारशिला रखी। इस बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पुराने संसद भवन ने स्वतंत्रता के बाद के भारत को दिशा दी, तो नया भवन आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का गवाह बनेगा। पुराने संसद भवन में देश की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए काम हुआ, तो नए भवन में 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाएं पूरी की जाएंगी।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है। नई संसद भवन की नींव रखी जा चुकी है। हम भारत के लोग मिलकर संसद के इस नए भवन का निर्माण करेंगे। यह 130 करोड़ से अधिक भारतीयों के लिए गर्व का दिन है जब हम इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बन रहे हैं। नया संसद भवन समय और जरूरतों के अनुसार स्वयं के भीतर परिवर्तन करने का प्रयास है।

पीएम मोदी ने इस दौरान यह भी कहा, 'मैं अपने जीवन में वो क्षण कभी नहीं भूल सकता जब 2014 में पहली बार एक सांसद के तौर पर मुझे संसद भवन में आने का अवसर मिला था। तब लोकतंत्र के इस मंदिर में कदम रखने से पहले, मैंने सिर झुकाकर, माथा टेककर लोकतंत्र के इस मंदिर को नमन किया था।'

पीएम मोदी ने कहा कि हम भारत के लोग मिलकर अपनी संसद के इस नए भवन को बनाएंगे और इससे सुंदर क्या होगा, इससे पवित्र क्या होगा कि जब भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष का पर्व मनाए, तो उस पर्व की साक्षात प्रेरणा, हमारी संसद की नई इमारत बने।

नए संसद भवन के शिलान्यास समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र एक संस्कृति है। लोकतंत्र एक जीवन मूल्य, जीवन जीने का तरीका और भारत के लिए राष्ट्र के जीवन की आत्मा है। भारत का लोकतंत्र सदियों के अनुभव के साथ विकसित एक प्रणाली है। भारत के लोकतंत्र में समाई शक्ति ही देश के विकास को नई ऊर्जा दे रही है, देशवासियों को नया विश्वास दे रही है। भारत में लोकतंत्र नित्य नूतन हो रहा है। भारत में हम हर चुनाव के साथ वोटर टर्नआउट को बढ़ते हुए देख रहे हैं।

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि हमें याद रखना है कि वो लोकतंत्र जो संसद भवन के अस्तित्व का आधार है, उसके प्रति आशावाद को जगाए रखना हम सभी का दायित्व है। हमें ये हमेशा याद रखना है कि संसद पहुंचा हर प्रतिनिधि जवाबदेह है। ये जवाबदेही जनता के प्रति भी है और संविधान के प्रति भी है। भारत की एकता-अखंडता को लेकर किए गए प्रयास, इस मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की ऊर्जा बनेंगे। जब एक एक

## बोले- आत्मनिर्भर भारत का गवाह बनेगा नया संसद भवन




जनप्रतिनिधि, अपना ज्ञान, बुद्धि, शिक्षा, अपना अनुभव पूर्ण रूप से यहां निचोड़ देगा, उसका अभिषेक करेगा, तब इस नए संसद भवन की प्राण-प्रतिष्ठा होगी।

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के समय एक लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत के अस्तित्व पर संदेह जताया गया था। अशिक्षा, गरिबी, सामाजिक विविधता सहित कई तर्कों के साथ ये भविष्यवाणी की गई थी कि भारत में लोकतंत्र असफल हो जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि पॉलिसी अलग हो सकती है। पॉलिटिक्स अलग हो सकती है, लेकिन जनता की सेवा के लिए लक्ष्य में कोई मतभेद नहीं होना चाहिए। वाद-संवाद संसद के भीतर हो या बाहर, राष्ट्रसेवा का संकल्प, राष्ट्रहित के प्रति समर्पण लगातार झलकना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया में 13वीं शताब्दी में मैग्राकार्टा से पहले ही 12 शताब्दी में भगवान बसेश्वर ने लोकसंसद की शुरूआत कर दी थी। दसवीं शताब्दी में तमिलनाडु के एक गांव में पंचायत व्यवस्था का वर्णन है। उस गांव में आज भी वैसे ही महासभा लगती है, जो एक हजार साल से जारी है। तब भी नियम था कि अगर कोई प्रतिनिधि अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं देगा तो वो और उसके करीबी रिश्तेदार चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

नए भवन की आधारशिला रखने के बाद सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि नए संसद भवन में कई नई चीजें की जा रही हैं, जिससे सांसदों की दक्षता बढ़ेगी क्योंकि कार्य संस्कृति आधुनिक तरीकों को शामिल किया जाएगा।

इससे पहले हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पिछले 6 वर्षों में पीएम मोदी ने हमारे गौरवशाली इतिहास के समावेश के साथ एक आधुनिक, मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी है। इसके मद्देनजर आज एक बहुत महत्वपूर्ण दिन है। नए संसद भवन का निर्माण वर्ष 2022 तक पूरा करेंगे जिससे 2022 के संसद का शीतकालीन सत्र नए भवन में ही हो वर्ष 2022 का विशेष महत्व है क्योंकि इस वर्ष हमारे देश के स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ होगी।

इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन रतन टाटा और कई देशों के राजदूत मौजूद रहे।इस मौके पर सर्धवर्म प्रार्थना का भी आयोजन हुआ। विभिन्न धर्मों के घर्मगुरुओं ने प्रर्थना की।

नए संसद भवन का निर्माण अक्टूबर 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर नए भवन में संसद सत्र आयोजित किया जा सके। नए संसद भवन में लोकसभा वर्तमान के मुकाबले तीन गुना बड़ा होगा। राज्यसभा का आकार भी बढ़ेगा। टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड 64,500 वर्ग मीटर के कुल क्षेत्र में नए संसद भवन का निर्माण करेगा। डिजाइन एचसीपी डिजाइन, प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया है।

शहरी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, नया संसद भवन 2022 में आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर नए भारत की संवेदनाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार होगा। नए संसद भवन को अगले सौ वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया जाएगा, ताकि भविष्य में सांसदों की संख्या बढ़ाने में कोई कठिनाई न हो। मंत्रालय के अनुसार, नया संसद भवन सौर ऊर्जा तंत्र जैसे अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस होगा। मौजूदा संसद भवन से सटे नया संसद भवन को अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस होगा।

डिजाइन प्लान में एक संविधान हॉल शामिल है जो आम जनता के लिए खुला होगा। इसके अलावा नए भवन में संसद के सदस्यों के लिए लाउंज, पुस्तकालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र, पार्किंग स्थान, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और आपातकालीन निकासी की व्यवस्था होगी। यह इमारत भूकंपरोधी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नए संसद भवन का भूमि पूजन करेंगे।

## मेरठ में युवक ने पत्नी, दो बेटा व बेटी की गला घोटकर की हत्या, खुद को लगाई फांसी

**मेरठ, जेएनएन।** कस्बा परीक्षितगढ़ के मोहल्ला कस्यावान में गुरुवार शाम दिल दहलाने वाली घटना हुई। एक युवक ने पत्नी व तीन बच्चों की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस घटना का कारण गृह क्लेश मान रही है।

कस्यावान निवासी 35 वर्षीय रहीस पुत्र सईद छहभाइयों में सबसे छोटा था। पहले वह कारपेंटर का काम करता था लेकिन वर्तमान में सब्जी का ठेला लगाता था। घर में 30 वर्षीय पत्नी रिहाना,10 वर्षीय बेटा हैदर, आठ वर्षीय अफ्फान और चार वर्षीय बेटी आयत थी। गुरुवार शाम पड़ोस के बच्चों ने रहीस का शव कमरे में पंखे पर लटका देखा। बाहरी दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस के साथ पहुंचे एसओ आनंद प्रकाश मिश्र दरवाजा तोड़कर घर में पहुंचे तो चारपाई पर हैदर व अफ्फान के शव पड़े थे। पत्नी व बेटी के शव बरामदे में बेड पर पड़े थे। सभी के गले पर रस्सी के निशान थे। रहीश का शव फंदे पर लटका था। सीओ पूनम सिरोही भी फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचीं। जांच पड़ताल के बाद एसओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला गृहक्लेश में उठाया गया कदम लग रहा है। शव पोस्टमार्टम को भेजकर जांच की जा रही है। रहीस ने छह साल पहले पहली पत्नी शबाना की मौत के बाद रिहाना से दूसरा निकाह किया था। दोनों बेटे शबाना से थे जबकि बेटी रिहाना से। बताया जा रहा कि दोपहर में पति-पत्नी में विवाद हुआ था। रहीस के अन्य स्वजन दिल्ली में रहते हैं।

रहीस की पहली पत्नी शबाना की छह साल पूर्व आग लगने से मौत हो गई थी। उसके दो पुत्र हैदर व अफ्फान थे। पांच वर्ष पूर्व रहीस का दूसरा निकाह मुरादनगर निवासी रिहाना से हुआ था जिससे चार वर्षीय बेटी आयत थी।

# किसानों से और बातचीत करना चाहती है केंद्र सरकार

**केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों से आंदोलन खत?म करने की गुजारिश की। उधर किसान नेताओं ने कहा कि अब हमारे धरने रेलवे ट्रैक पर आ जाएंगे। जल्द ही ट्रेनों को रोकने के बारे में तारीख घोषित की जाएगी...**

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों से आंदोलन खत्म करने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने सरकार की ओर से किसानों को एक प्रस्ताव बनाकर भेजा था। इसमें किसानों के सभी सवालों का जवाब दिया गया था। इसके बावजूद यदि वे किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं इसका मेरे मन में बहुत कष्ट है। मैं किसान भाइयों को भरोसा देता हूं कि एमएसपी जारी रहेगी।

इधर किसान नेताओं ने कहा कि हमने 10 तारीख का अल्टीमेटम दिया हुआ था कि यदि प्रधानमंत्री ने हमारी बातों को नहीं सुना और कानूनों को रद्द नहीं किया तो सारे धरने रेलवे ट्रैक पर आ जाएंगे। आज की बैठक में ये फैसला हुआ कि अब रेलवे ट्रैक पर पूरे भारत के लोग जाएंगे। संयुक्त किसान मंच इसकी तारीख की जल्द घोषणा करेगा। सिंघु बॉर्डर से किसान नेता बूटा सिंह ने कहा है कि 14 तारीख को पंजाब के सभी DC ऑफिसों के बाहर धरने दिए जाएंगे।

किसान नेता बूटा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी कहते है कि बातचीत जारी रहनी चाहिए और हमारा भी यही मानना है। वहीं कृषि मंत्री कहते हैं कि यदि किसान उनके संशोधनों को मानेंगे तो ही बातचीत जारी रहेगी, नहीं तो नहीं होगी। फिर से हमारे ऊपर शर्त लगा दी जाती है... हम इसकी निंदा करते हैं। प्रधानमंत्री कुछ और, गृहमंत्री कुछ और कृषि मंत्री कुछ और बोल रहे हैं। विनती है कि हम एकजुट हैं और हमारी चुनी हुई सरकार को भी एकजुट होकर किसानों के पक्ष में फैसला लेना चाहिए...




### सरकार बातचीत करने को तैयार : तोमर

इससे पहले केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि किसानों की पहली मांग कानून निरस्त करने की है। सरकार का पक्ष है कि कानून के वो प्रावधान जिनपर किसानों को आपत्ति है उन पर सरकार खुले मन से बातचीत करने के लिए तैयार है। सरकार की कोई इगो नहीं है और सरकार को उनके साथ बैठकर चर्चा करने में कोई दिक्कत नहीं है। कृषि मंत्री ने यह भी कहा कि किसानों की जमीन पर बड़े उद्योगपति कब्जा कर लेंगे ऐसी आशंकाएं गलत हैं।

### जमीन पर नहीं होगा करार

उन्होंने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग पहले से ही देश के कई राज्यों में होती रही है। इस कानून के अंतर्गत एग्रीमेंट प्रोसेसर और किसान की फसल बीच ही होगा। किसान की जमीन से संबंधित कोई करार इसमें नहीं हो सकता है। रही बात एमएसपी की तो मैंने सबको भरोसा दिया है कि टरढ चलती रहेगी। इस पर कोई खतरा नहीं है। टरढ पर रबी और खरीफ फसल की खरीद इस साल बहुत अच्छे से हुई। मोदी जी के नेतृत्व में टरढ को डेढ़ गुना कर दिया गया है...

### बिजली एक्ट पर शंकाएं दूर की

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि उनको ऐसा लगता है कि बिजली का कोई एक्ट आ रहा है, जो किसानों के लिए थोड़ी तकलीफ पैदा करेगा। सरकार इस आशंका को भी दूर कर चुकी है। राज्य सरकारें बिजली वितरण कंपनियों को वर्तमान व्यवस्था के अनुसार ही, सब्सिडी की राशि हस्तांतरित करने की व्यवस्था संशोधन विधेयक में भी रहेगी। जैसा चल रहा है वैसा ही चलेगा। किसान भाइयों से आग्रह करता हूं कि सरकार के प्रस्?ताव पर विचार करें। वे जब कहेंगे हम चर्चा को तैयार हैं...

### कमजोर नहीं होने देंगे आंदोलन

वहीं, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कुछ चिंताएं थीं कि किसानों को अपनी उपज को निजी बाजार में बेचने के लिए मजबूर किया जाएगा। यह आशंका निराधार है। नए कृषि कानूनों में कोई प्रावधान नहीं है, जो किसी भी किसान को मजबूर करे। वहीं, सिंघु बॉर्डर पर भारतीय किसान यूनियन के नेता मनजीत सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा किसानों के आंदोलन को कमजोर करने की है, लेकिन ऐसा नहीं होगा। कई और किसान आंदोलन में शामिल होने के लिए दिल्ली आ रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला, कहा - कोर्स को मान्यता देने के लिए मानक बढ़ा सकते हैं विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में व्यवस्था दी है कि किसी कॉलेज के कोर्स को मान्यता देने के लिए विश्वविद्यालय एआइसीटीई की तरफ से तय मानकों को बढ़ा तो सकते हैं, लेकिन उन्हें इसमें कटौती करने का अधिकार नहीं है। शीर्ष अदालत ने यह भी माना कि मौजूदा समय में कोई भी विश्वविद्यालय अपने मानदंडों और मानकों को कम करने का जोखिम नहीं उठा सकता, खासकर तब जब अंतरराष्ट्रीय मानकों की कसौटी पर उसके प्रदर्शन का आकलन किया जा रहा हो।



अदालत ने कहा कि मानदंडों और मानकों को बढ़ाने के विश्वविद्यालयों के अधिकार पर किसी तरह का संदेह नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस वी. रामसुब्रमण्यम की पीठ ने एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के फैसले को सही ठहराते हुए उसके खिलाफ दिए गए केरल हाई कोर्ट के आदेश को रद कर दिया। विश्वविद्यालय ने कॉलेजों के कोर्स को मान्यता देने के लिए मानकों को बढ़ाया था। पीठ ने कहा, 'हमारे विचार से इस मामले में केरल हाई कोर्ट का दृष्टिकोण सही नहीं है। हमारा मानना है कि विश्वविद्यालय अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) द्वारा तय मानकों को हल्का नहीं कर सकते, लेकिन निश्चित रूप से उन्हें मानदंडों और मानकों को बढ़ाने का अधिकार है।'

पीठ ने इस बात पर नाराजगी जताई कि एआइसीटीई ने इस मामले में मानकों को बढ़ाने के फैसले को अनुचित बताया था। पीठ ने कहा कि आज विश्वविद्यालयों को उनकी गुणवत्ता के आधार पर परखा जा रहा है। सितंबर, 2015 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (अब शिक्षा मंत्रालय) ने भी प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालयों की रैंकिंग तय करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) के नाम से एक व्यवस्था शुरू की थी। अदालत ने कहा कि एआइसीटीई ने इस पर कुछ नहीं कहा है कि अगर कोई कॉलेज गलत जानकारी देता है तो इसके लिए छात्रों की किस तरह से क्षतिपूर्ति की जाएगी। कॉलेज की तरफ से डिग्री विश्वविद्यालय ही देते हैं और किसी भी गलत जानकारी से उनकी प्रतिष्ठा पर ही आंच आती है।

## देश की 36 खाद्य जांच प्रयोगशालाओं के लाइसेंस किए गए रद

**मृगेंद्र पांडेय, रायपुर।** राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) ने छत्तीसगढ़ सहित देश की 36 खाद्य जांच प्रयोगशालाओं के लाइसेंस रद कर दिए हैं। नियमों का पालन नहीं करने और लैब में आवश्यक संसाधन मुहैया नहीं कराने के कारण यह कार्रवाई की गई है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सही तरीके से जांच में नाकामी तथा तकनीकी मामलों में खामियों के आधार पर उत्तर प्रदेश की आगरा, बिहार की पटना, हरियाणा की करनाल और चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश की सोलन लैब भी इस कार्रवाई की जद में आई हैं। इस कार्रवाई की वजह से छत्तीसगढ़ की इकलौती राज्य स्तरीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला 31 दिसंबर 2020 के बाद बंद हो जाएगी। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने सभी लैब को निर्देश दिया है कि वे अपनी बची हुई जांच को 31 दिसंबर से पहले पूरा कर लें।

छत्तीसगढ़ में खाद्य पदार्थो की जांच के लिए एकमात्र लैब रायपुर की कालीबाड़ी में है। खाद्य सुरक्षा कानून 2011 बनने के बाद लैब को पांच साल में एनएबीएल से मान्यता लेनी थी। प्रदेश के खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने कारगर पहल नहीं की। एनएबीएल की तरफ से दो बार दो-दो साल का एक्सटेंशन भी दिया गया। दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ ने मान्यता के लिए एनएबीएल को आवेदन तक नहीं किया। स्वास्थ्य विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो एफएसएसएआइ ने लैब को मजबूत करने के लिए पांच करोड़ की राशि भी जारी की थी, जिसका सही उपयोग नहीं किया गया। लैब में माइक्रोबायलाजी लैब भी तैयार की जानी थी।



### खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने दिखाई ढिलाई

लाइसेंस रद होने के बाद खाद्य एवं औषधी नियंत्रक केडी कुंजाम ने कहा कि लैब का लाइसेंस निरस्त होने की सूचना मिली है। जल्द ही अधिकारियों से विस्तार से चर्चा होगी। वहीं, लैब को मान्यता दिलाने की जिम्मेदारी निभाने वाले असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर राजेश शुक्ला ने कहा कि एफएसएसएआइ के निर्देश का परीक्षण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की मानें तो एफएसएसएआइ के साथ समन्वय की जिम्मेदारी सही तरीके से नहीं होने के कारण ही लाइसेंस रद हो गया।

### इन लैबों के लाइसेंस रद


उत्तर प्रदेश की रीजनल पब्लिक एनालिस्ट लैबोरेट्री आगरा, बिहार की कंबाइन फूड लेबोरेट्री पटना, छत्तीसगढ़ की स्टेट फूड टेस्टिंग लेबोरेट्री रायपुर, हरियाणा की स्टेट लेबोरेट्री चंडीगढ़ और जिला लैब करनाल, हिमाचल प्रदेश की कंपोजिट टेस्टिंग लैब सोलन,आंध्र प्रदेश की रीजनल पब्लिक लेबोरेट्री विशाखापट्टनम, गुजरात की पब्लिक हेल्थ लेबोरेट्री सूरत, कर्नाटक की बंगलु में स्टेट फूड लैब और बीबीएमपी फूड लैब के साथ मैसूर, बेलगवी, कालाबुर्गी की मान्यता रद की गई है। महाराष्ट्र की 13 लैब की मान्यता समाप्त की गई है। इसमें औरंगाबाद की दो, जलगांव, कोल्हापुर, सोलापुर, अहमदनगर, मुंबई, नासिक, सांगली, सतारा, अमरावती और नांदेड़ की लैब शामिल हैं। मणिपुर, नगालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम की एक-एक और तमिलनाडु की छह लैब के लाइसेंस भी रद किए गए हैं।

# साल भर में चार बार हो सकती है जेईई मेंस की परीक्षाएं

**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने गुरुवार को छात्रों से चर्चा में बताया कि जेईई मेंस की परीक्षाओं को वर्ष 2021 में चार बार तक कराने की संभावनाओं को परखा जा रहा है। इसे लेकर सभी पक्षों से राय ली जा रही है। जल्द ही इसकी जानकारी दी जाएगी। यदि ऐसा होता है, तो पहली परीक्षा फरवरी के अंत में होगी, बाकी तीन परीक्षाएं मार्च, अप्रैल और मई में कराई जाएगी। हर बार इन परीक्षाओं के लिए तीन से चार दिन का समय मिलेगा। फिलहाल जेईई मेंस की परीक्षा अभी साल में दो बार ही होती है।

केंद्रीय मंत्री निशंक गुरुवार को ट्वीटर और फेसबुक के जरिए बोर्ड सहित जेईई-नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तारीखों को लेकर छात्रों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान छात्रों ने केंद्रीय मंत्री से जेईई मेंस परीक्षाओं को दो बार से ज्यादा कराए जाने का सुझाव दिया था, जिस पर उन्होंने यह जानकारी साझा की। छात्रों ने इस दौरान जेईई मेंस और नीट के पाठ्यक्रम को कम करने का भी सुझाव दिया। जिस पर उन्होंने कहा कि सीबीएसई ने कोरोना संकट को देखते हुए अपने पाठ्यक्रम को जरूर तीस फीसद तक कम किया है, लेकिन देश में और भी शैक्षणिक बोर्ड है, जिन्होंने अपने पाठ्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया है। ऐसे में राज्यों के साथ इसे लेकर चर्चा की जाएगी।

हालांकि उन्होंने इस दौरान छात्रों को एक विकल्प उपलब्ध कराने के संकेत जरूर दिए। इसके तहत जेईई मेंस में छात्रों को वैसे तो कुल 90 सवाल दिए



जाएंगे, लेकिन इनमें से सिर्फ 75 सवालों के ही जवाब देने होंगे। इनमें फिजिक्स, केमेस्ट्री और गणित विषयों के 25 प्रश्न करने जरूरी होंगे। यानी उन्हें ज्यादा सवालों के विकल्प मिलेंगे। वहीं नीट की परीक्षाओं को लेकर निशंक ने बताया कि इसे लेकर स्वाथ्य मंत्रालय से चर्चा की जा रही है। जल्द ही इसे भी अंतिम रूप दिया जाएगा। परीक्षाओं से जुड़े सवालों के दौरान छात्रों की ओर से परीक्षाओं को न कराने से जुड़े सुझाव भी दिए गए, लेकिन केंद्रीय मंत्री ने कहा कि परीक्षाओं तो होगी। परिस्थितियों को देखते हुए समय जरूर आगे बढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने पिछले साल की परीक्षाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जब कोरोना के तेज संक्रमण के बीच जेईई और नीट की परीक्षाएं कराई जा सकती है। बिहार में आम चुनाव हो सकते है, तो फिर परीक्षाएं क्यों नहीं हो सकती है। उन्होंने इस दौरान सभी परीक्षाओं की तारीखों का जल्द ऐलान करने की जानकारी दी। सीबीएसई सहित दूसरे बोर्ड की प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह बात सही है कि इस बार स्कूलों के बंद से प्रायोगिक कार्य नहीं हो पाए है, फिलहाल इसका भी कोई विकल्प तलाशा जाएगा। अभी वैसे बोर्ड परीक्षाओं को लेकर समय है। उन्होंने जल्द ही इसे लेकर अभिभावकों और शिक्षकों के साथ भी अलग से चर्चा करने की बात कही है।

# ग्रामीण अंचल




## संक्षेप समाचार

### शिक्षा के माध्यम से ही मानवाधिकार की रक्षा संभव : राघवेन्द्र

**करमा।** गुरूवार को विश्व मानवाधिकार दिवस कें अवसर करमा क्षेत्र कें कुशवाबारी में युवा समाजसेवी एवम शिक्षक राघवेन्द्र ठकुरिया कें तत्वावधान में एक एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर ठकुरिया लोगों कों मानवाधिकार की महत्ता कें विषय में समझाते हुए बोले कि मानवाधिकार दिवस मनाने का मकसद लोगों कों उनके अधिकारों कें प्रति जागरूक करना हैं। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक एवम शिक्षा का अधिकार शामिल हैं । मानवाधिकार वह मूलभूत अधिकार हैं जिनसे मनुष्य नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म एवम लिंग इत्यादि कें आधार प्रताड़ित नही किया जा सकता हैं ।आगे श्री ठकुरिया नें यह भी बोले कि अपने देश कें अधिकांश हिस्सों में अशिक्षा एवम जानकारी कें अभाव कें चलते तमाम लोगों कें अधिकारों का हनन भी होता आ रहा हैं जिसको केवल शिक्षा कें माध्यम से ही दूर किया जा सकता हैं श्री ठकुरिया नें अपने संबोधन कें अंत में यह भी बोले कि शिक्षा कें माध्यम से ही विभिन्न विसंगतियों कों खत्म किया जा सकता हैं।

## क्रियायोग आध्यात्मिक विज्ञान सभी विज्ञानों का विज्ञान : स्वामी श्री योगी सत्यम्

**प्रयागराज।** झूंसी स्थित क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में देश-विदेश के साधक सत्य की खोज में निरंतर लगे हुए हैं। क्रियायोग गुरु श्री योगी सत्यम ने बताया कि क्रियायोग आध्यात्मिक विज्ञान सभी विज्ञानों का विज्ञान है तथा आश्रम में मौजूद साधक सत्य की अनुभूति में निरंतर सुबह शाम साधना करते रहते हैं तथा यह भी बताया कि क्रियायोग अभ्यास से सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। आध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शांति, आनंद, नाम -यश, अन्तर व बाह्य धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है और प्राप्त न



क्रियायोग गुरू स्वामी श्री योगी सत्यम्

होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शांति, आनंद, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं। इसी प्रकार क्रियायोग के सिद्धांतों पर चलने वाला हर सामान्य व्यक्ति दृश्य जगत में रह कर परब्रह्म की अनुभूति करने लगता है। योगी सत्यम् जी वैज्ञानिक तरीके से सभी को स्पष्ट कर रहें हैं कि सभी रचनाओं में मानव की रचना अद्भुत है। मनुष्य में सिर (जड़) ऊपर और रीढ़ व अन्य भाग (तना) नीचे है। यह रचना निरन्तर अनुसंधान के लिए है। सत्य का अनुसंधान सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान है क्योंकि सत्य की अनुभूति के बिना स्वम में चिर शान्ति, सर्वज्ञता, सनातनता, अमरता, सर्वव्यापकता, आनन्दत्वम्, की अनुभूति, सम्भव नहीं है। मृत्युन्जय महावतार बाबा जी ने सिद्ध कर दिया है कि सत्य अनुभूति के लिए मनुष्य को व्याधिरहित 10 लाख वर्ष की आवश्यकता होती है। एक जन्म में सत्य की अनुभूति के लिये महावतार बाबा जी ने लुप्त क्रियायोग को पुनर्जीवित किया। महावतार बाबा जी ने स्पष्ट किया है कि इसके सम्यक अभ्यास से अल्प काल में (3,6,12,18,24,48 वर्षों में) ही मनुष्य को सत्य की पूर्ण अनुभूति हो जाती है। सत्य अनुभूति का अभिप्राय, अमरता की अनभूति, अपने सनातन अस्तित्व की अनुभूति, नित्य नये ज्ञान- शक्ति-शान्ति- आनन्द की अनुभूति से है। आदिकाल से परम सत्य की खोज मानव की विशेषता रही है। सांच को आंच नहीं, एक सत्य सूत्र है। शारीरिक बीमारियां, मानसिक अशांति और अज्ञानता के विविध आयाम को आंच कहते हैं। क्रियायोग से पूर्ण एकता स्थापित होने पर मनुष्य अनुभव करता है कि परब्रह्म- अद्वैत, नित्य, पूर्ण, अनादि, अनंत, सर्वज्ञ, सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान व अमर है ' अविद्या - विद्या, व मृत्यु - अमरता विषयो पर प्रतिदिन प्रशिक्षण के साथ अभ्यास कराया जा रहा है। क्रियायोग अविद्या से मुक्ति का विज्ञान है ' जो अस्तित्व में नहीं है, उसके अस्तित्व के बारे में भ्रांत धारणा अविद्या है। मृत्यु व मृत्युलोग के अस्तित्व को स्वीकार करना माया के अस्तित्व को स्वीकार करना है, और यही सभी कष्टों का कारण है। क्रियायोग से सम्यक जुड़ने से माया का प्रभाव निष्क्रिय हो जाता है और अनुभव होता है कि हम निरन्तर सत्य व अहिंसा से जुड़े थे, जुड़े हैं और जुड़े रहेंगे।

## निमंत्रण में आए युवक की बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** निमंत्रण में आए युवक ने अपनी बाइक खडी करके निमंत्रण में शामिल हो गया। जब वापस लोटा तो बाइक नदारद थी। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सकरामऊ आमानगंज निवासी संजय कुमार पुत्र शंकर लाल ग्राम जोगापुर में अपनी बाइक से बहू भोज में शामिल होने के लिए आए थे। बताया गया है कि संजय कुमार बाइक खडी करके निमंत्रण में शामिल होने के लिए चले गए जब वापस लौटे तो बाइक नदारद थी। संजय कुमार अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में लगी हुई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घरेलू नौकर की जलकर मौत

**सिरसा।** मेजा थाना के अंतर्गत ग्रामपंचायत चौकी में घरेलू नौकर की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई, सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी ग्राम सभा निवासी विपिन बिहारी मिश्रा पुत्र रमाशंकर मिश्रा लेबर कांट्रैक्टर है। उनके घर पर सालों से छत्तीसगढ़ निवासी राजू मुंशी (45) घरेलू नौकर की तरह रहता था। बीती रात वह मकान के निचले हिस्से में ट्रैक्टर के पास आग जलाकर सो गया था। सुबह से विपिन बिहारी मिश्रा के घरवालों को नौकर की संदिग्ध परिस्थितियों में जली लाश मिली, जिसकी सूचना इलाकाई पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची इलाकाई पुलिस जांच करते हुए शव को कब्जे मे लिया। इस घटना के पीछे किसका हाथ है, ग्रामवासियों में तरह-तरह के चर्चा बना हुवा है।



शव को अपने कब्जे में लेती पुलिस

### कोरांव के अन्तरेजी जंगल में वाहन लूटने की कोशिश

**कोरांव।** थाना पुलिस कोराव में अपराधियों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। गत दिवस 8 दिशम्बर को पूर्व प्रधान नन्हे सिंह बरोखर का पुत्र पिकप लेकर ड्रमंडगंज गया था, वापिस आते समय शाम को कई लोगों ने जंगल मे वाहन छीनने के प्रयास किया। बतादें कि जंगल मे आधा दर्जन लोगों ने शिवम सिंह को एक बुलेरो खड़ी करके रास्ते में रोकने का प्रयास किया। नियत खराब व खतरा देख वह देवघट की तरफ भगा तो उक्त लोगों ने उसका पीछा कर लिया। और पियरी गांव पहुंचते पहुंचते उसे रुकवा कर बुरी तरह मारने पीटने लगे। गांव की कई महिलाओं ने शिवम को बचाया। और अपने घर ले गईं। वाहन उक्त अपराधियों ने वहीं लिया और देर रात उसी स्थान पर खड़ी करके भाग गए। घटना की तहरीर थाने पर जब पूर्व प्रधान नन्हे सिंह व उनकर पुत्र ने दी व डॉक्टरी जांच कराने की बात कही व नामजद तहरीर दिया तो पुलिस ने एनसीआर लिखने की बात कही।

उक्त घटना से नाराज प्रधान व पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से थाना पुलिस कोराव की मनमानी व अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। और भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने भी निंदा की है।

## चालक को चाय में नशीली दवा पिलाकर लूट ले गए बोलेरो

**बेहोशी की हालत में औद्योगिक क्षेत्र इलाके में मिला चालक**

**पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी**




**नैनी।** बुकिंग की सवारी को एयरपोर्ट छोड़कर लौट रहे बोलेरो चालक को शातिरों ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिए और उसकी बोलेरो लूटकर फरार हो गए। बदमाशों ने चालक को बेहोशी के हालत में औघोगिक क्षेत्र के चटकहाना गांव के समीप झाड़ियों में फेंक कर भाग निकले। भोर में जब चालक को होश में आया तो उसने गाड़ी मालिक और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

जानकारी के मुताबिक जिगना के रहने वाले रिंकू वाहन चालक है और वहीं के रहने वाले कृष्ण कुमार की बोलेरो चलाता है। बुधवार रात को वह जिगना से कुछ लोगों को बम्हरौली एयरपोर्ट छोड़ने आया था। वापसी में वह खाली वाहन को लेकर जिगना जा रहा था। भुक्तभोगी चालक के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित पीडीए तिराहे के समीप दो महिलाएं व तीन युवक ने वाहन को हाथ देकर रोक लिए और चालक के पूछने पर सभी मेजा जाने की बात करते हुए छोड़ने की बात कही। जिसपर चालक ने सभी को वाहन में बैठा लिया और आगे की ओर रवाना हो गया। टोंस नदी के समीप पहुंचने पर सभी रुक गए और एक दुकान पर चाय पिया। जिसके बाद चालक चटकहाना व लवायन खुर्द ग्राम सभा के अंतर्गत आदिवासी बस्ती के समीप बेहोशी के हालत में झाड़ियों के बीच पड़ा मिला। भोर में जब चालक को होश में आया तो उसने खुद को सुनसान जगह में पाया और बोलेरो नदारद मिली। वह परेशान होकर वाहन मालिक और पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को लेकर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई और प्रयागराज-मिजार्पुर हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच पड़ताल की गई। वहीं पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी रही।

## विचाराधीन बंदी की नैनी जेल में मौत शव घर पहुचते ही मचा कोहराम

**हंडिया।** हंडिया थाना क्षेत्र के बीरापुर (कसौधन) के निवासी संतोष कुमार मिश्रा उर्फ चकबंदी मिश्रा उम्र लगभग 63 वर्ष पुत्र राम नीहोर मिश्रा की अचानक तबियत गड़बड़ होने से नैनी जेल में ही मौत हो गई। संतोष मिश्रा के छोटे भाई ने बीमारी से मौत को गलत बताया। उनका आरोप है कि मेरे भाई की मौत बीमारी से नहीं हुई है। पुलिस ने लाश को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक 24/11/2014 को नैनी जेल में बंद हुआ था। नैनी जेल के अधिकारी द्वारा बताया गया, कि बीमारी के कारण इनकी मौत हुई है। आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव के घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।वहीं पर परिजनों ने आरोप लगाया है कि कैदी संतोष मिश्रा उर्फ चकबंदी मिश्रा की मौत कोई साधारण मौत नहीं है। बल्कि यह साजिश के तहत उनकी हत्या हुई है। मृतक संतोष मिश्रा के



मृतक की फाइल फोटो

भाई माइकल मिश्रा ने बताया कि जो पंचनामा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 19 नवंबर से ही संतोष मिश्रा की तबीयत खराब थी। जिनका जेल के अस्पताल में इलाज चल रहा था। जबकि उनके भाई का आरोप है कि 25 नवंबर को जब माइकल मिश्रा अपने भाई से मिलने गया, तो उसे मिलने नहीं दिया गया। और यह बताया कि सब कुछ ठीक-ठाक है, और संतोष मिश्रा ठीक है लेकिन 9 दिसंबर 2020 दिन मंगलवार को सुबह सात बजे अचानक फोन आता है। कि आपके पिता/भाई/पति/पुत्र संतोष मिश्रा उर्फ चकबंदी मिश्र की मृत्यु हो चुकी है। आप लोग स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल से उनके शव को प्राप्त कर सकते हैं।जिसके बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि संतोष मिश्रा उर्फ चकबंदी मिश्रा की तबीयत पहले से ही खराब थी। तो परिजनों को इस बात की सूचना क्यों नहीं दी गई। क्या यह साजिशन हत्या हुई है। वहीं मृतक सात भाइयों में सबसे बड़ा था। संतोष कुमार मिश्रा उर्फ चकबंदी मिश्रा की पत्नी बेटीया पूजा मिश्रा (23), खुशबू मिश्रा (21), उजाला मिश्रा (19), प्रीति मिश्रा (17), प्रिया मिश्रा (15), सोना मिश्रा (13),मोना मिश्रा (11), गुनगुन (7) वर्ष व इकलौता पुत्र सुंदरम मिश्रा (9) वर्ष का रो-रो कर बुरा हाल है।

## मनाया गया सोनिया गांधी का जन्म दिवस

**करछना।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गाधी का जन्म दिन मनाते हुए एक दूसरे का मुह मीठा कराया। पार्टी कार्यालय करछना मे इस दौरान कई कार्यकर्ताओं की मौजूदगी मे पार्टी की नीतियो को जन जन तक पहुचाने और लोगो को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का संकल्प लिया। ब्लाक अध्यक्ष डा0 दिनेश सोनी ने कहा कि राजीव जी के न रहने पर सोनिया ने पार्टी को विषम परिस्थितियों मे सभाला और लोगो मे एक नई चेतना पैदा की। उन्होने सदैव जनहित और पार्टी के विस्तार को लेकर चिंतन किया और संघर्ष की परिस्थितियो मे भी डटकर सामना किया।काग्रेसियो ने सोनिया गाधी को दीर्घायु होने की ईश्वर से प्रार्थना की और मुह मीठा कराते हुए एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर शिव विजय, रंगराज सिंह विद्याधर मिश्र प्रकाश पाडेय, सुरेश पटेल आशीष मिश्रा, प्रणयरजन भट्टाचार्य नागेश पाडेय सरफरोज, कौशलेन्द्र नारायण दुबे, लालचन्द्र यादव रशीद हैदर आदि रहे।

## एसपी यमुनापार ने बगैर प्रपत्र व ओवरलोड खनिज परिवहन कर रहे छः ट्रकों को पकड़ा, हड़कंप



घूरपुर थाने में बंद ओवर लोड ट्रकें

**घूरपुर।** एसपी यमुनापार व सीओ करछना एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने घूरपुर की ओर से अवैध खनन की ओवर लोडिंग कर निकल रहे वाहनों की जांच में आधा दर्जन ओवर लोड ट्रक बिना किसी प्रपत्र के परिवहन करते पकड़े गए ।घूरपुर पुलिस ने सभी वाहनों को सीज कर दिया है ।

घूरपुर की ओर से हाइवे पर रोज रात में अवैध ओवर लोडिंग की सूचना एसपी यमुनापार आईपीएस शौरभ दीक्षित को मिल रही थी।सूचना पर विस्वास करते हुए बुधवार की रात एसपी यमुनापार शौरभ दीक्षित ,सीओ करछना सौमेन्द्र मीना व खनन टीम साहित घूरपुर थाने पहुंचे ।यहां से पुलिस टीम को साथ ले उपरोक्त टीम ओवर लोड वाहनों की जांच शुरू की तो आधा दर्जन ट्रक ओवर लोड गिट्टी ,बालू लादकर पकड़ी गई ।टीम ने जब सभी ट्रक चालकों से परिवहन करने के प्रपत्र मांगे तो चालक नहीं दिखा सके ।सभी ट्रकों को ओवर लोडिंग व खनन की कई धाराओं में केस दर्ज करते हुए सीज कर दिया गया ।पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके के ओवर लोडिंग कार्य मे लगे लोगों में हड़कम्प मचा हुआ है।

## अधिकारी और कर्मचारी मानवाधिकारों को ध्यान में रखें : राम अवध

**कोरांव।** अंतरास्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ब्लाक कोराव मुख्यालय पर प्रमुख कक्ष में उक्त अवसर पर प्रमुख कोराव एवम भाजपा नेता ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी य्या कार्यकर्ता कोई भी मानवाधिकारों का उल्लंघन न करें।

प्रमुख ने कहा कि मानवाधिकारों के उल्लंघन और हनन की शिकायत बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस य्या राजस्व अथवा विकास पंचायत विभाग कोई भी हो उक्त का हनन व उल्लंघन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कोराव थाने पर पीड़ितों के एफआईआर घटनाओं पर दर्ज न होने व मनमानी कार्रवाई पर चिंता जताई। और वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत किये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का हनन बहुत ही निंदनीय है।



ब्लाक प्रमुख सभागार कोरांव में मानवाधिकार दिवस पर विचार ब्यक्त करते ब्लाक प्रमुख

इस मौके पर मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट के फाउंडर शहजादे ,प्रधान हरिकृष्ण यादव उर्फ ओझा एडवोकेट व प्रधान, नाथेश्वर तिवारी, साहब लाल कुशवाहा, देवेंद्र सिंह प्रधान, कमला कांत पांडेय, मुरारी लाल मौर्य, मानवेन्द्र मिश्र आदि कई ग्राम प्रधान, बीडीसी मेम्बर उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर तोडफोड़ आधा दर्जन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष एक राय होकर दूसरे के घर पर हमला कर दिया और गालियां दी। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया बादल उर्फ गेंदा निवासी रमाशंकर पुत्र हरीराम का आरोप है कि उनके विपक्षी एक राय होकर उनके घर पर हमला करके जमकर तोड फोड किए तथा गालियां दी। रमाशंकर ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर अमृत लाल, जगलाल, संजय कुमार, राजा बाबू, रवि प्रकाश, शिवबाबू, के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## बाबूगंज- कनेहटी सड़क के अधूरे निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**फूलपुर।** वर्षों से मुकम्मल सड़क की आस लगाए बैठे बाबूगंज क्षेत्र के ग्रामीणों का सपना अधिकारियों की उदासीनता के चलते धरा का धरा रह गया। काफी मशक्कत के बाद कुछ दिन बाद सड़क निर्माण का कार्य शुरू तो हुआ पर कई माह से उक्त सड़क का निर्माण अधर में लटका हुआ है। नतीजतन ग्रामीणों को जहां आवागमन में असुविधा हो रही है वहीं सड़क पर गिट्टी बिछी होने के कारण ग्रामीण आए दिन चोटहिल हो रहे हैं जिससे उनमें गहरा आक्रोश ब्याप्त है। मंगलवार को संत गाडगे यूथ ब्रिगेड के प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी के नेतृत्व में जुटे सैकड़ों ग्रामीणों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। लोक निर्माण विभाग पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए अशोक चौधरी ने कहा कि अधिकारियों की मनमानी व कमाऊ निति के चलते सड़क निर्माण का कार्य अधर में पड़ा हुआ है जिसका खामियाजा राहगीर भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जल्द सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो आने वाले समय में क्षेत्रीय विधायक और सांसदों को भी क्षेत्र में घुसने नहीं दिया जाएगा। मौके पर गंगा राम, सुरेश जायसवाल, भगवती प्रसाद, दिनेश सिंह, मनीष सोनी, कृष्णा शुक्ला, अजय कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### मौसम में उतार चढ़ाव, मंद पड़ी ठंड

**करछना।** दिसम्बर माह 10 दिन बीत जाने के बाद मौसम के उतार चढ़ाव के चलते पहले जैसी ठंड़ नही पड़ रही है।इन दिनों लग्न विवाह के मूर्हुर्त को देखते हुए लोगों में इससे राहत जरूर है किन्तु किसानों का मानना है कि गेहूं के लिए ठंड़ पड़नी चाहिए। पखवारे भर पहले हुई बूंदाबादी के बाद अचानक दो दिन तक ठंड़ का असर रहा लेकिन उसके बाद सूखे मौसम ने दोपहर में तेज धूप के चलते अपेछाकृत पहले जैसी ठंड़ का असर नही दिख रहा है। करछना क्षेत्र के गांवों में कई किसानों के खेत में गेंहू की फसल उग आई है और पहली सिंचाई की भी तैयारी में किसान जुटे है। अभी भी कई किसानों के पलेवा और बुआई न हो पाने से फसल को लेकर चिन्ता सता रही है।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### नीर निर्मल परियोजना का पुरसाहाल नही

**करछना।** विकास खण्ड करछना के कुछ गांवों में दो वर्ष पूर्व नीर निर्मल परियोजना के तहत पानी की टंकी बनाकर घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की कवायद शुरू हुई थी,जो अभी भी आधी अधूरी है।गांव में पानी की टंकी बनकर तैयार हो गई और आधी अधूरी पाइप लाइन विछाकर सप्लाई भी शुरू कर दी गई है।किन्तु सभी लोगों तक इसका लाभ नही पहुंच पा रहा है।क्षेत्र के नीबी गांव में बनाई गई इस योजना के तहत पानी की टंकी से पानी तो सप्लाई किया जा रहा है लेकिन जगह-जगह पाइप लाइन टूटने और कई जगह सप्लाई पाइप न जोड़ने से गांव के अधित्तर लोगों तक पानी नही पहुंच पा रहा है।ग्राम प्रधान अवधेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि एक वर्ष पहले तैयार टंकी से सप्लाई शुरू कर दी गई लेकिन गांव के अधित्तर उपभोक्ताओं को पाइप लाइन और नल से नही जोड़ा गया।जिसे लेकर गांव के लोगों में ठेकेदार के प्रति नाराजगी है।

## झूंसी के छतनाग में हिस्ट्रीशीटर छोट्टन गिरी सहित तीन शातिर बदमाशों के मकानों को पीडीए ने ढहाया


मकान ढहाता पीडीए का जेसीबी


कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस व जुटी भीड़

**प्रयागराज।** झूंसी के छतनाग में शातिर अपराधी छोट्टन गिरी, बबलू गिरी और ऋषि भारती के खिलाफ गुरुवार को पीडीए ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इनके आलीशान मकानों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। इससे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। कई थानों की पुलिस के अलावा प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे हैं। छोट्टन गिरी किशोरावस्था से ही जरायम की दुनिया में सक्रिय है ' और कई लोगों की हत्या के चलते वह कम उम्र में शातिर अपराधियों की सूची में शामिल हो गया।

इन हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कई थानों में हत्या, मारपीट, जान से मारने की धमकी, हत्या के प्रयास, रंगदारी, भूमि पर कब्जा सहित तमाम मामलों में मुकदमें पंजीकृत हैं। आपरेशन नेस्तनाबूद के तहत पीडीए ने मकान ढहाने के लिए इनको नोटिस जारी किया था। फिलहाल छोट्टन गिरी हत्या के मामले में जेल में बंद है। गुरुवार को पीडीए की टीम कई बुलडोजर और जेसीबी के साथ छतनाग स्थित मुहल्ले में मकान ढहाने के लिए पहुंची तो हड़कंप मच गया।झूंसी के छतनाग गांव निवासी छुट्टन गिरी और बबलू गिरी सगे भाई हैं। छुट्टन तकरीबन सात साल से जेल में है। इस पर अकेले झूंसी में ही हत्या समेत कई मामले दर्ज हैं। तकरीबन सात साल पहले छुट्टन पर छतनाग गांव में गोली और बम से जानलेवा हमला हुआ था। जिसमे वह बच गया था। इसके बाद बाइक से भागते वक्त उसने फिल्मी स्टाइल में पिस्टल से गोलियां बरसाकर दो लोगों की हत्या कर दी थी। इसके पहले 2005 में 16 साल की उम्र में छुट्टन सपा नेता मुनीम यादव की गोली और बम से हत्या कर सुर्खियों में आया था। बबलू गिरी अभी जेल से बाहर है। कल इसके भतीजे सतीश की बारात जानी है।

## माघ मेला के सकुशल सम्पन्न होने की मंगल कामना हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा संगम तट पर किया गया गंगा पूजन


माघ मेला के सकुशल सम्पन्न हेतु गंगा पूजन करते वरिष्ठ अधिकारीगण

**प्रयागराज।** पतित पावनी गंगा-यमुना-सरस्वती के त्रिवेणी संगम के पावन तट पर गुरूवार को माघ मेला 2020-21 के सकुशल सम्पन्न होने की मंगल कामना हेतु मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार, एडीजी जोन-प्रेम प्रकाश, आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह, डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक-सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी तथा धमार्चार्यों एवं अन्य पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में जिलाधिकारी- भानु चन्द्र गोस्वामी सपत्नीक वैदिक मंत्रोचार के साथ गंगा पूजन किया और मां गंगा से माघ मेला को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने की कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा। गंगा पूजन के पश्चात जिलाधिकारी मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि कोविड-19 के प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए माघ मेले को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए व्यापक बंदोबस्त किये जाने की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर एडीएम सिटी-अशोक कुमार कनौजिया, पुलिस अधीक्षक नगर, प्रभारी मेलाधिकारी- विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण सहित तीर्थपुरोहित एवं धर्माचार्यों के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एमएनएनआईटी : शिक्षक भर्ती के लिए फरवरी में होगा ऑनलाइन इंटरव्यू

**प्रयागरज।** एमएनएनआईटी में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया तेज हो गई है। आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग हो गई है। संस्थान ने भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के लिए ऑनलाइन इंटरव्यू कराने का निर्णय लिया है जो फरवरी में होगा। असिस्टेंट प्रोफेसर के 108 पदों के सापेक्ष 1470 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। एमएनएनआईटी में प्रथम चरण में जुलाई 2019 में 61 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति हो चुकी है। दूसरे चरण में विभिन्न विभागों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 108 पदों की भर्ती होनी है, जिसके लिए 6 सितंबर से 14 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे। हार्डकापी जमा करने की अंतिम तिथि 25 अक्तूबर थी। संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. सर्वेश तिवारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के दूसरे चरण में आवेदनों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया तकरीबन पूरी हो गई है। इसी बीच कोरोना के चलते प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था। संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. सर्वेश तिवारी ने बताया कि मार्च में शिक्षकों की नियुक्ति हो जाएगी। आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया पूरी हो गई है। फरवरी में ऑनलाइन इंटरव्यू शुरू होगा।

## शौचालय निर्माण में छूट गये घरों की सूची बनाकर वहां पर कराये शौचालय का निर्माण : मा0 मंत्री

**सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक रूप से हो प्रचार-प्रसार**


विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मा0 मंत्री

**प्रयागराज।** मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल, युवा कल्याण एवं पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 उपेन्द्र तिवारी जी गुरूवार को सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मा0 मंत्री जी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जन कल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सरकार द्वारा जो योजनाएं चलायी जा रही है, उसका सही तरीके से पात्र लोगो तक लाभ पहुंचाये। मा0 मंत्री ने कोरोना काल के समय हुए कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मनरेगा के द्वारा गांवों में हुए कार्यों की सूची वहां के प्रतिनिधि तक पहुंचाये। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज विभाग के द्वारा शौचालय बनाने की योजना के अन्तर्गत ग्रामसभाओं में जो लोग अभी शौचालय से वंचित रह गये है, उनकी सूची बनाकर शौचालयों का निर्माण कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि शौचालय निर्माण के कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ बिना किसी भेदभाव के पूरा किया जाये। मा0 मंत्री ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर ग्राम सभाओं में कार्य को कराने में खर्च हुई राशि का अंकन वॉल पेंटिंग के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर अंकित किया जाये। मा0 मंत्री ने विकास के लिए आये हुए बजट की राशि को विकास के लिए कराये जा रहे कार्यों पर ही खर्च करने के लिए कहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक टीम बनाकर इसकी रैण्डम जांच कराने के निर्देश दिये है। उन्होंने ग्राम सभा या कलस्टर के अनुसार रोस्टर बनाकर गांव की समस्याओं को निपटाने के लिए कहा है। पेंशन से सम्बंधित लम्बित प्रकरणों के शीघ्रता के साथ निस्तारण करने के लिए कहा है। उन्होंने प्रत्येक ब्लाकों में ग्राम सभाओं का चयन कर वहां पर ओपन जिम बनाने तथा कायाकल्प के अन्तर्गत ग्रामों में विकास कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी- आशीष कुमार, डीडीओ- ए0के0 मौर्या, डीपीआरओ- श्रीमती रेखा श्रीवास्तव सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न


बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक बुधवार की देर शाम जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कोविड-19 वैक्सीनेशन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पंजीकृत 1235 प्राइवेट चिकित्सालयों के सापेक्ष में 672 चिकित्सालयों से ही हेल्थ वर्करों का डाटा प्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को दो दिवसों में प्राइवेट चिकित्सालयों से डेटा प्राप्त करने का निर्देश दिया। डाटा उपलब्ध न कराने वाले चिकित्सालयों के खिलाफ कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कोविड वैक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियों को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रथम सन्दर्भन इकाइयों में हुए सिजेरियन प्रसव, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम आदि कार्यक्रम के प्रगति की ब्लॉकवार समीक्षा कर उपलब्धि को लक्ष्य के सापेक्ष बढ़ाने का निर्देश दिया। आशा कार्यकत्रियों के मानदेय की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निष्क्रिय आशाओं को चिन्हित कर उनको हटाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पोर्टल में बड़ी संख्या में करेक्शन फनम में पड़े फार्म तथा लंबित तृतीय किस्त को एक सप्ताह में खत्म करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर राय, डॉ. आर0एस0 ठाकुर, एसएमओ डॉ. अलोक कुमार, डीपीएम विनोद कुमार सिंह, एसआईसी डीडब्लूएच डॉ.ज्योति, एसआईसी एसआरएन डॉ. ए0के0 श्रीवास्तव, तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय डॉ. किरण मलिक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटे लाल आदि ने भाग लिया।

### नौचंदी, ऊंचाहार एक्सप्रेस 14 से चलाने की हुई घोषणा

**प्रयागराज।** नौचंदी और ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन 14 दिसंबर से शुरू करने की घोषणा हुई है। नौचंदी एक्सप्रेस के चलने से प्रयागराज और लखनऊ के बीच ट्रेन यात्रा करने वालों को राहत मिलेगी। 04511 नौचंदी एक्सप्रेस स्पेशल 15 दिसंबर को प्रयागराज संगम से सहारनपुर के लिए प्रस्थान करेगी। 04512 नंबर नौचंदी 14 दिसंबर को शाम 17.00 बजे सहारनपुर से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 5.01 बजे लखनऊ और सुबह 10.00 बजे प्रयागराज संगम पहुंचने की संभावना है। 04217/18 ऊंचाहार एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 14 दिसंबर को दोपहर 13.35 बजे प्रयागराज संगम से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 4.00 बजे दिल्ली और रात 8.50 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी।

## जिला पंचायत की भूमि पर बने मकानों पर प्रशासन ने चलवाया बुल्डोजर

### 17 अवैध कब्जाधारियों के मकान हुए जमींदोज

**कोरांव।** कोरांव तहसील अंतर्गत मिश्रपुर गांव में कोरांव ड्रमंडगंज रोड पर जिला पंचायत की भूमि पर निर्मित मकानों को बृहस्पतिवार को भारी पुलिस बल तथा प्रशासन व जिला पंचायत के अधिकारियों की देखरेख में 17 लोगों के घरों को आंशिक रूप से जमींदोज कराया गया। प्रशासन की यह कार्रवाई गांव के ही शिकायतकताओं के द्वारा कई बार तहसील प्रशासन व जिला पंचायत अधिकारियों के पास करने के बाद की गई। जिन्होंने मामले को टाल मटोल करना ही उचित समझा। जिसके बाद शिकायतकर्ता मामले की शिकायत माननीय उच्च न्यायालय में पीआईएल रिट के जरिए की जिस पर सो रहा प्रशासनिक अमला व जिला पंचायत विभाग त्वरित कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार को भारी तादात में पुलिस बल व पीएसी बल के साथ मौके पर पहुंचे और 4 बुलडोजर मशीनों के द्वारा जिला पंचायत की भूमि पर अवैध रूप से बने मकानों को ध्वस्त करवा दिया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी संदीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी मेजा भीम गौतम तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत वीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत के इंजीनियर अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, संतोष शुक्ला के साथ जिला पंचायत के आर आई व ए आर आई सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

### कार्रवाई से छिना लोगों का आशियाना

लंबे समय से आशियाना बना कर दुकान चला रहे दुकानदारों व परिवार के साथ सिर पर छत धारण करने वाले लोग कार्यवाही होते देख सड़कों पर आ गए और रोते बिलखते लेट गए किन्तु उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालनार्थ मौजूद अधिकारियों ने उनकी एक भी न सुनी। इस मौके पर मौजूद पुलिस महकमा ने पीड़ितों को मौके से हटा दिया।

### ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से गांव में तनाव का माहौल

बृहस्पतिवार को मिश्रपुरपुर गांव में हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद लोगों में काफी आक्रोश देखा गया जिसको लेकर पुलिस व प्रशासनिक अमले ने गांव के बाहर डेरा डाल किसी भी अप्रिय घटना होने से रोकने के लिए मुस्तैद दिखे। खबर लिखे जाने तक गांव में भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।


अवैध कब्जा हटवाते प्रशासनिक अधिकारी व मौजूद पुलिस

## 10 फीट से कम चौड़ी सड़क तो स्कूल में बोर्ड परीक्षा नहीं

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड ने 2021 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए केंद्र बनाने के अपने मानक और कड़े कर दिए हैं। कोरोना काल में परीक्षा केंद्रों की संख्या डेढ़ गुना बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में नकल विहीन एवं शुचितापूर्वक परीक्षा के सभी केंद्रों के प्रभावी निरीक्षण और प्रश्नपत्रों की गोपनीयता की आकस्मिक जांच हो सके, इसके लिए उन स्कूलों को केंद्र बनाने का निर्णय नहीं लिया गया है जहां तक पहुंच मार्ग 10 फीट से कम हो।निरीक्षण के लिए उड़नदस्ते चार पहिया गाड़ियों में पहुंचेंगे, उनके परीक्षा केंद्र तक जाने-आने में कोई अड़चन न हो, इसलिए यह नियम पहली बार लागू किया गया है। पूर्व के वर्षों में स्कूल तक पहुंच मार्ग सुगम होने का नियम था। लेकिन इस बार सुगम मार्ग को परिभाषित करते हुए न्यूनतम 10 फीट चौड़ा रास्ता होना अनिवार्य किया गया है। हालांकि राजकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को इस शर्त से छूट दी गई है। गौरतलब है कि केंद्र निर्धारण नीति 25 नवंबर को जारी हुई थी और स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों का सत्यापन जिलों में शुरू हो चुका है। परीक्षा के लिए उन स्कूलों को केंद्र नहीं बनाया जाएगा जिनके प्रवेश द्वार, शिक्षण कक्ष, प्रशासनिक कक्ष के ऊपर से बिजली के हाईटेंशन तार गुजर रहे हैं। स्कूल में स्थायी विद्युत व्यवस्था और जेनरेटर होना अनिवार्य है। जिन स्कूलों के शिक्षण कक्ष की खिड़कियां सार्वजनिक आवागमन के लिए मुख्य सड़क या पतली गली में खुलती हों उन्हें असुरक्षित पर्यवेक्षण की दृष्टि से केंद्र निर्धारित न किया जाए। इस शर्त से राजकीय व एडेड कॉलेजों को छूट दी गई है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।
मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम
पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## जिला पंचायत की जमीनों पर अवैध कब्जा हटा

**तहसील, थाना, जिला पंचायत के अधिकारी पुलिस पीएसी के साथ ढहवाये अनाधिकृत कब्जा**

**कोरांव।** कोरांव के धनापुर गांव में काफी दिंनों से अवैधानिक तरीके से कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रसाशन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। जिसमे कुल 17 मकानों को जमीदोज कर दिया गया। जिला पंचायत से अपर मुख्य अधिकारी प्रयाग्राज वीरेंद्र सिंह,एसडीएम कोराव संदीप वर्मा, तहसीलदार कोरांव, विपिन बिहारी लाल गुप्ता, इंजीनियर्स आदि अफसरान जेसीबी मशीनों के साथ अतिक्रमण हुई भूमि को खाली कराए,जिससे गांवों में हड़कम्प मचा रहा।


अवैध कब्जा हटवाने वाली टीम

## संक्षेप समाचार

### धांधली का आरोप, कार्रवाई की मांग

**प्रतापगढ़।** लालगंज के संडवा खास गांव के लोगों ने विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। गांव के शरद सिंह, कल्लू सिंह, संतोष तिवारी, रामलखन आदि ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि जांच में धांधली का आरोप साबित होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिलाधिकारी कार्यालय के जनसुनवाई प्रभारी अधिकारी ने सीडीओ को मामले में कार्रवाई कराने के लिए कहा है।

### नगर पंचायत बोर्ड की बैठक स्थगित

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज में बुधवार को होने वाली बोर्ड की बैठक स्थगित कर दी गई। हालांकि निर्धारित समय पर सभी सभासद व अधिकारी पहुंच गए थे, लेकिन अंतिम समय में अध्यक्ष जुबैदा खातून ने तबीयत खराब होने के कारण बैठक में शामिल होने में असमर्थता जाहिर कर दी। इसके बाद अधिशासी अधिकारी अंजू यादव ने बैठक अगली सूचना तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## शादी में ननिहाल आए बालक की कुएं में गिरने से मौत

**कंधई, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के मंदाह गांव में मांगलिक कार्यक्रम में मां के साथ ननिहाल आए 7 वर्षीय बालक की कुएं में गिरने से मौत हो गई बालक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था कन्धई थाना क्षेत्र के मंदाह गांव निवासी बद्री प्रसाद वर्मा के यहां बुधवार को एक मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें अमेठी जनपद निवासी शिवांश 7 वर्ष पुत्र हरिश्चंद्र वर्मा अपनी मां पूजा के साथ ननिहाल आया था बुधवार देर रात व घर के सामने स्थित कुएं में गिर गया।

मांगलिक कार्यक्रम के दौरान डीजे बजने की आवाज से किसी को घटना की जानकारी नहीं हुई मध्य रात्रि में शिवांश के घर पर दिखाई ना पढ़ने से परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो उसका शव घर के सामने स्थित कुएं में उतराता दिखाई दिया हल्ला गुहार पर जुटे ग्रामीणों ने आनन-फानन में उसे रस्सी के सहारे कुएं से बाहर निकाला लेकिन उसकी मौत



मृतक शिवांस

हो चुकी थी गुरुवार सुबह लगभग 11रू00 बजे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ कन्धई तुषार त्यागी ने बताया कि मंदाह गांव में बालक की कुएं में गिरने से मौत हुई है शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## साले की शादी में पटाखे से झुलसकर जीजा की मौत

**प्रतापगढ़।** साले की शादी में पटाखे के झोले में चिंगारी गिरी और धमाका हो गया। झोले से पटाखा निकाल रहे दूल्हे के जीजा का आधा चेहरा ही उड़ गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे उसकी मौत हो गई। शादी की शहनाई की जगह मातम छा गया। किसी तरह जल्दी से शादी कर रात में ही बिना दुल्हन के बारात की विदाई कर दी गई।नगर कोतवाली क्षेत्र के बरहुआ भोजपुर गड़ेहरी निवासी अवधेश यादव के बेटे केसरी यादव (33) की शादी अंतू थानाक्षेत्र के पूरे रामदेव निवासी मथुरा प्रसाद की बेटी से हुई है। मथुरा प्रसाद के बेटे घनश्याम की शादी बुधवार को अंतू के रामनगर तिवारीपुर निवासी बृजलाल यादव की बेटी से थी। केसरी यादव भी अपने साले घनश्याम की बारात में आया था। रात लगभग साढ़े दस बजे बारात दुल्हन के घर से करीब 30 मीटर पहले पहुंची तो बताया जाता है कि केसरी यादव एक युवक के साथ पटाखा छुड़ा रहे थे। केसरी पटाखे का झोला लिए थे और युवक छुरछुरिया वाली लाइट छुड़ा रहा था। अचानक छुरछुरिया की चिंगारी से युवक की जैकेट में आग लग गई। आग बुझाने में युवक ने जैकेट झटका तो चिंगारी पटाखे के झोले में चली गई। उस समय केसरी यादव झोले को जमीन पर रखकर उसमें से पटाखा निकाल रहा था। इसी बीच झोले में चिंगारी गिरने से जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट इतना तीव्र था कि केसरी की कनपटी से लेकर आधा चेहरा झुलस गया। आनन-फानन लोग उसे अस्पताल लेकर भागे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। रोते-बिलखते परिजन शव लेकर घर चले गए। केसरी के दो बेटे और एक बेटी है। बेटे भी बारात में थे। अपनी आखों के सामने पिता को हादसे का शिकार होते देख उनका कलेजा मुंह को आ गया। मौत की खबर पहुंचते ही घर पर कोहराम मच गया।

## ट्रक में पीछे से टकराई बाइक, किशोर की दर्दनाक मौत

**प्रतापगढ़।** हाइवे पर खडे ट्रक मे पीछे से भिड़ जाने के चलते बाइक से पेट्रोल भराने जा रहे किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। हादसे की वजह घना कोहरा बताया जा रहा है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के नयापुरवा निवासी अनूप अग्रहरि का सोलह वर्षीय पुत्र अर्पित अग्रहरि गुरूवार की सुबह बाइक मे पेट्रोल भराने के लिए रायपुर स्थित फ्यूल स्टेशन जा रहा था। घना कोहरा होने के चलते लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित पेट्रोल पम्प पर मुडते समय किनारे खडी ट्रक मे पीछे से भिड़ गया। बताया जाता है कि घना कोहरा होने के चलते वह हाइवे पर खडी ट्रक को नही देख सका। हादसे मे किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर कोतवाली पुलिस आननफानन मे पहुंची और शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव से लिपटकर बिलखने लगे। मामले मे अभी पुलिस को तहरीर नही दी गई है। कोतवाल संजय यादव ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है, परिजनो की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



डभियार में बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि योगेश शुक्ल किसान

## तिब्बत में चीन के मानवाधिकार हनन व तानाशाही के खिलाफ वक्ताओं ने उठाई आवाज

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के डभियार स्थित राजाराम किसान इण्टर कालेज मे गुरूवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर भारत तिब्बत सहयोग मंच, काशी प्रान्त के तत्वाधान मे एक बैठक हुई। इसमे मंच के प्रांतीय महामंत्री योगेश शुक्ल किसान मुख्यअतिथि व महिला विभाग की प्रांतीय मंत्री सुधा पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित हुये। मुख्य अतिथि योगेश किसान ने कहा कि तिब्बत हमेशा हिन्दुस्तान का मित्र व सहयोगी रहा है। तिब्बत मे चीन की सरकार व वहां के सेना द्वारा विभिन्न तरीके से तिब्बतियों के मानवाधिकार का कई वर्षो से हनन कर रहे है। उन्होनें इसकी निंदा करते हुए कहा कि चीन द्वारा विस्तारवादी नीति के तहत तिब्बत के साथ ही भारत मे भी अनाधिकृत कब्जा करने का प्रयास किया जाता है। लेकिन हमारे देश की सेना द्वारा करारा जबाब मिलने से चीन की नापाक साजिश कामयाब नही हो पा रही है। उन्होने कहा कि तिब्बत व वहां के लोगों को उनका अधिकार व स्वतंत्रता दिलाने के लिए आवाज बुलंद करनी होगी। वक्ताओं ने एक स्वर मे चीन द्वारा तिब्बतियो के मानवाधिकारों का हनन के विरोध मे आवाज उठाने व चीन के अनुचितकृत्य की निंदा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी व संचालन जिला महामंत्री शैलेन्द्र तिवारी ने किया। इस मौके पर आशुतोष मिश्र, राजेन्द्र तिवारी, अनिरूद्ध प्रसाद मिश्र, रामराज तिवारी, छोटू तिवारी, रामशरण यादव, जटाशंकर, मूलचंद्र शुक्ल, राजकरन उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## लापरवाही मिलने पर सात रोजगार सेवकों को अल्टीमेटम

**सात दिन का मिला मौका, विकासखण्ड परिसर मे समीक्षा बैठक मे मनरेगा के श्रम बजट की धीमी रफ्तार देख भड़के बीडीओ**



रोजगार सेवको व कर्मचारियो के साथ बैठक करते बीडीओ मुनौवर खॉन

**प्रतापगढ़।** स्थानीय विकासखण्ड मे बुधवार की शाम बीडीओ मुनौवर खॉन की अध्यक्षता मे रोजगार सेवको की बैठक सम्पन्न हुई। इसमे मनरेगा परियोजना समेत विभिन्न विकास कार्यो की ग्राम पंचायत स्तर पर समीक्षा की गई।

बैठक मे बीडीओ ने रोजगार सेवको से मनरेगा योजनान्तर्गत श्रम बजट के बारे मे ग्राम पंचायत स्तर पर प्रगति खंगाली। इसमे कई ग्राम पंचायतो मे मनरेगा की गति सुस्त दिखी। समीक्षा बैठक मे श्रम बजट पूरा नही होने पर बीडीओ मुनौवर खॉन आपा खो बैठे और साथ रोजगार सेवको को नोटिस देते हुए सप्ताह भर के भीतर श्रम बजट पूरा नही किया गया तो कडी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान मधुकरपुर, मादीपुर, पूरे बंशी, रंगौली, रायपुर तियांई, सराय जगत सिंह, समापुर मे मनरेगा योजना के तहत श्रम बजट मे तमाम खामियां देखने को मिलीं। बैठक मे सामने आया कि कई ग्राम पंचायतो मे मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान पचास प्रतिशत से कम मजदूरों का श्रम बजट तैयार हो सका था। इस पर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए रोजगार सेवको को कडी फटकार लगाई। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ मुनौवर खान ने कहा कि ग्राम पंचायतो मे शासन की ओर से संचालित विकास योजनाओ को लोगों तक पहुंचाने मे लापरवाही नही होनी चाहिए। उन्होने कहा कि साप्ताहिक बैठक मे योजनाओ की समीक्षा कर लापरवाह कर्मचारियो व रोजगार सेवको के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ द्वारा सात रोजगार सेवको के विरूद्ध कार्रवाई करने पर हडकंप मचा रहा। इस मौके पर सभी सहायक खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव व रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## केबल बॉक्स पंक्चर, आठ घंटे बाद आई बिजली

**प्रतापगढ़।** चिलबिला में डबल फाटक के पास केबल बॉक्स पंक्चर होने से चार उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इसके दायरे में आने वाले करीब डेढ़ सौ गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। उपकेंद्र से जुड़े गांवों में आठ घंटे बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी।जिले के नरहरपुर, कोहंडौर, साल्हीपुर और दरछुट उपकेंद्र को जाने वाली 33 हजार केवीए की लाइन का केबल बॉक्स गुरुवार सुबह करीब छह बजे चिलबिला डबल फाटक के पास पंक्चर हो गया। इससे सभी उपकेंद्र की विद्युत सप्लाई ठप हो गई। दोपहर बाद लोग पानी के लिए भी परेशान होने लगे तो पता चला कि केबल बॉक्स पंक्चर होने से आपूर्ति ठप है। इस बाबत एसडीओ गड़वारा संदीप कुमार ने बताया कि फाल्ट दोपहर तक दुरुस्त कर लिया गया, लेकिन रोस्टिंग के कारण आपूर्ति शाम 4 बजे के बाद ही दी जा सकी।



अजीत नगर में हुआ प्रज्ञा नीर का भव्य उद्धाटन

## प्रज्ञा नीर का हुआ उद्धघाटन

**प्रतापगढ़।** शहर के अजीत नगर में प्रज्ञा नीर का उदघाटन पंडित अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात ने किया। उद्धघाटन अथिति ने नारियल तोड़कर फीता काटा। उसके बाद मुख्य अथिति टीवी कलाकार शिव मिश्रा प्रज्ञा नीर को स्वास्थ्य का प्रतीक बताते हुए कहा कि शुद्ध जल जीवन के लिए आवश्यक है। जो प्रज्ञा नीर लोगो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएगा। विशिष्ट अथिति श्याम शंकर द्विवेदी , इंजीनियर चंद्रकांत त्रिपाठी चन्द्र , संचेतना के संस्थापक दयाशंकर शुक्ल (हेम जी ) ने कहा कि बहुत ही पुनीत कार्य किया गया है। प्रज्ञा नीर को बेहतर विकल्प बताया। इस मौके पर गजेंद्र सिंह, बृजेन्द्र सिंह, आशीष सिंह, विनय,अखिल नारायण सिंह, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, संतोष भगवन, आशुतोष खरे, ओमप्रकाश त्रिपाठी, चंद्रकांत त्रिपाठी राजकुमार भारती सचिन मिश्रा रविन्द्र अजनवी प्रशांत सिंह यशवंत प्रताप सिंह ओम प्रकाश त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यछ भाजपा , वंशराज यादव शुशील हेम सिंह रोशन सिंह सुनीता सिंह दिलीप शिवप्रताप सिंह।

## आवारा सांड ने ली किसान की जान

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पिंडरा सहाबनपुर गांव में मोहम्मद लल्लन पुत्र जब्बार अपने खेत की रखवाली कर रहे थे इसी दौरान एक आवारा सांड मोहम्मद लल्लन को मार मार कर लहुलहान कर दिया लल्लन वहीं पर गिर पड़े और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगे उसके बाद आसपास के लोगों ने दौड़ कर किसी प्रकार से उन्हें अस्पताल पहुँचाया जहां आज अस्पताल में इलाज के दौरान मोहम्मद लल्लन की मृत्यु हो गई। आखिरकार सवाल यह उठ रहा है कि योगी सरकार ने लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके स्थाई और अस्थाई गौशालाओं का निर्माण कराया ताकि गोवंश उसमें बंद किए जा सके लेकिन उसके बाद भी आवारा छुट्टा सांड और गोवंश का घूमना चलना नगरों कस्बों वा गांव में बराबर जारी है देखना यह है की किसकी लापरवाही की वजह से छुट्टा आवारा सांड गांव के इर्द-गिर्द टहल रहे हैं घटना के बाद से गांव में काफी दहशत फैली हुई है मोहम्मद लल्लन किसान की मौत होने से उनके घर में मातम छाया हुआ है।

## भारत क्रांति रक्षक पार्टी की बैठक हुई संपन्न

**इमामगंज कौशाम्बी।** गुरूवार को भारत क्रांति रक्षक पार्टी की जिला बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह राज पासी की अध्यक्षता में रसूलपुर बदले गांव में संपन्न हुई। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र चायल में युद्ध स्तर पर काम करने का उन्होंने निवेदन किया उन्होंने लोगो से अपील करते हुए संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया,राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह राज पासी ने कहा कि पार्टी संगठन का विस्तार तभी होगा जब सभी क्रांति पार्टी के कार्यकर्ता सामंजस्य से कार्य करेगी उन्होंने कार्यकर्ताओ से उन्होंने कहा कि सहयोग व समर्थन के बिना पार्टी मजबूत नही होगी। उन्होंने कहा कि मै सभी कार्यकताओं को लेकर संगठन का विस्तार करूँगा, पूरे जिले में पार्टी मजबूत हो यह प्रयास किया जायेगा।जिला अध्यक्ष राम राजपासी ने कहा कि संगठन में जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी संगठन मजबूती के लिए पूरा सहयोग करेगी।बैठक का संचालन



भारत क्रांति रक्षक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह राजपासी व समर्थक

जिलाध्यक्ष रामराज पासी एवं करन सिंह यादव ने किया। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष इब्राहिम कुरैशी, गुलाब सिंह लोधी, अमृत लाल राजपासी, देश राजपासी,अजय मौर्या,समथीर्पाल प्रमोद प्रजापति, लवकुश मिस्त्र, फूल चंद पांडे, सुनील दिवाकर, हीरालाल केसरवानी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में मामा भांजे की मौत

**करारी कौशाम्बी।** कौशांबी के दो युवक इलाहाबाद शादी समारोह में गए थे वापस आते समय इलाहाबाद शहर के एक गेस्ट हाउस के पास दोनों लोगों को ट्रक ने कुचल दिया है जिससे दोनों लोगों की मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है दोनों रिश्ते में मामा भांजे लगते हैं और एक करारी थाना क्षेत्र का रहने वाला है तो दूसरा कोखराज थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जाता है। घटनाक्रम के मुताबिक सड़क हादसे में मामा और भांजे को ट्रक ने रौंद दिया है सड़क दुर्घटना में मामा भांजे की मौके पर ही मौत हो गयी है मौत की खबर सुनते परिजनो में कोहराम मच गया मामा श्रीचंद निवासी हर्राय पुर कोखराज थाना व भांजे आशीष कुमार निवासी बट बंधुरी थाना करारी की सड़क हादसे में मौत हुई है दोनों कोइलाहा शादी से होकर मौसी के बक्सी मोड़ से वापस आते वक्त हुई दुर्घटना। प्रयागराज के शहनाई गेस्ट हाउस के पास ट्रक ने दोनों को कुचला।

## भरवारी और उसके आसपास के दर्जनों तालाब गायब

**सरकारी राजस्व अभिलेख दर्जनों तालाब गायब होने की कर रहे हैं पुष्टि**

**भरवारी कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के भरवारी कस्बा और उसके आसपास के गांव के साथ-साथ भरवारी कस्बे का कुछ क्षेत्रफल सिराथू तहसील क्षेत्र में लगता है इन दोनों क्षेत्र में दर्जनों तालाब राजस्व अभिलेखों में आज भी दर्ज है लेकिन भरवारी कस्बा और उसके आसपास के इन तालाबों को पाटकर लोगों ने घर बना लिए हैं। जिससे कस्बे के तालाब गायब हो चुके हैं जब की सुप्रीम कोर्ट ने हिंच लाल तिवारी बनाम सरकार के मुकदमे की सुनवाई करते हुए तालाबों को बचाने का निर्देश दिया है।

तालाबों को सुरक्षित करने संरक्षित करने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट के दिए जाने के 20 वर्ष बाद भी भरवारी कस्बे और आसपास के तालाब को बचाने के लिए प्रशासन सक्रिय नहीं हो सका है तमाम तालाबों में मिट्टी डालकर भू माफियाओं ने उसे प्लाट बनाकर बेच लिया है तालाबों के कब्जे के मामले में बीते दो दशक से प्रशासन केवल दर्शक बनकर रह गया है ऐसा नहीं कि गरीबों ने ही तालाबों की जमीनों पर कब्जा किया है कस्बे के धन्ना सेठों ने भी आलीशान भवन तालाब भूमि पर बना लिया है पढ़े लिखे लोगों को भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की तनिक चिंता नहीं है और जाहिलो की तरह उन्होंने भी तालाबी भूमि पर कब्जा कर लिया है आला अधिकारियों के बीच यही धन्ना सेठ भवन गिराए जाने में रोड़ा बनकर खड़े हो जाते हैं भरवारी कस्बे और उसके आसपास के तालाबो का प्रशासन ने यदि सीमांकन और चिन्हीकरण कराया तो तमाम धन्ना सेठों के बहुमंजिला भवन धरा शाही हो सकते हैं लेकिन क्या तालाबों की भूमि पर धन्ना सेठों द्वारा अवैध कब्जा कर भवन बनाए जाने के मामले में योगी सरकार और उनके अधिकारी तालाब का चिन्हीकरण करा कर अवैध निर्मित भवनों को धराशाही कराएंगे इस बात का जवाब नगर की जनता योगी सरकार से चाहती है। गौरतलब है कि स्टेट बैंक सिंघिया के पीछे नयन तारा तालाब बारह एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ था जो सिकुड़ कर दो एकड़ के आसपास बचा है इसी तरह भरवारी के मुख्य कस्बा पुरानी बाजार में धौरहरा तालाब अनाज की मंडी के पीछे 20 एकड़ से अधिक का तालाब था लेकिन इस तालाब को भी लोगों ने पाटकर 5 एकड़ में सीमित कर दिया है भरवारी बस स्टॉप के पास से नेशनल इंटर कॉलेज के बगल तक तीन सड़को के बीच एक बड़ा तालाब था यह तालाब भी 24 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ था इस तालाब को भी लोगों ने पाट लिया है और दो तीन एकड़ तालाब की जमीन अब मौके पर शेष बची है भरवारी कस्बे के नया बाजार में भटपुरवा की ओर जाने पर एक विशाल तालाब था इस तालाब पर भी लोगो की नजर लग गयी और तालाब को लोगों ने पाट लिया है इसी तरह भरवारी कस्बे के चिकहाई के पीछे एक विशाल तालाब था मौके से यह तालाब भी लगभग गायब हो चुका है भरवारी रेलवे स्टेशन के पूरब केबिन के पीछे एक प्राचीन तालाब मौजूद था जो अब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है भरवारी पुलिस चौकी के पीछे गोण्डाहि तालाब भी बड़े तालाबों में शामिल था लेकिन यह तालाब भी लगभग अपना अस्तित्व खो चुका है इसी तरह भरवारी कस्बे के मेहता रोड में पशु अस्पताल और पुराने चल चित्र के सामने एक विशाल तालाब था लेकिन यह तालाब भी पूरी तरह से गायब हो चुका है भरवारी कस्बा के आसपास के तालाबों में कब्जे का यह तो कुछ उदाहरण मात्र है भरवारी कस्बा और उसके आसपास 2 दर्जन से अधिक विशाल तालाब थे इन संपूर्ण तालाबों के क्षेत्रफल का औसत आकार निकाला जाए तो लगभग 400 एकड़ क्षेत्रफल में तालाब फैले हुए थे जो अब इन दिनों अस्तित्व विहीन हो चुके हैं सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को ध्यान में रखते हुए तालाब पर बनाए गए बहुमंजिला भवनों को बुलडोजर मशीन लगाकर धराशाही कराना होगा तभी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन होगा लेकिन वोट की राजनीति के चलते कुछ नेता तालाब को कब्जा कर भवन बनाए जाने के मामले में उन्हें गिराने के पूर्व ही विरोध शुरू कर देते हैं जिससे प्रशासनिक कार्यवाही रुक जाती है।

## दोबारा दूल्हा बनने के पूर्व पहुंची पुलिस

**पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी रचाने जा रहे युवक की गिरफ्तारी का पुलिस कर रही प्रयास**

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र का एक युवक पहली पत्नी के रहते दूसरी पत्नी से शादी रचाने जा रहा था उसकी 9 दिसंबर को बारात थी मामले की जानकारी पहली पत्नी को लग गई उसने पुलिस को कंप्लेंट कर दिया जिस पर पहली पत्नी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दुबारा दूल्हा बनने जा रहे युवक को गिरफ्तार करने का पुलिस ने प्रयास शुरू कर दिया है लेकिन पुलिस के भय से दूल्हा उसके पिता घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक अझुवा कस्बे की रहने वाली प्रीति पुत्री ननका लाल रैदास का प्रेम विवाह कस्बे के रहने वाले वीर सिंह यादव पुत्र ओंकार सिंह यादव के साथ चार साल पहले 2016 में मुंबई में हुआ था इस मामले में लड़की के पिता ने लड़की को भगा ले जाने का आरोप बीर सिंह पर लगाया था लेकिन दोनों की आर्य समाज मंदिर से शादी हो गई थी जिस पर लड़की भगाने का आरोप खत्म हो गया था। लेकिन जैसे ही लड़की भगाने का आरोप खत्म हुआ वीर सिंह ने प्रीती से दूरी बना ली मारपीट कर पैसों की मांग करने लगा और घर से भगा दिया।जिस पर प्रीती ने अदालत में मुकदमा संख्या 348सन 2019 दाखिल कर अदालत से न्याय मांगा यह मुकदमा अदालत में विचाराधीन है पहली पत्नी प्रीती के मुकदमा विचाराधीन होने के बाद भी वीर सिंह ने इसी थाना क्षेत्र के मोचारा खास गांव की रहने वाली एक बालिका के साथ दूसरी शादी करने की ठान ली बताया जाता है कि युवक ने दूसरी बालिका को भी अपने प्रेम जाल में फंसाया है दूसरी बालिका के परिजनों और वीर सिंह के परिजनों के बीच रिश्ते की बात तय हो गई। रिश्ते की बात के मुताबिक 09 दिसंबर को बारात का दिन था दूल्हे के घर में बारात जाने की पूरी तैयारी हो गई थी यह बात प्रीती को मालूम पड़ गई और उसने सैनी कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पूरी घटना बताई और दूसरी शादी रोकने की मांग की प्रीति की तहरीर मिलने के बाद सैनी कोतवाली पुलिस ने वीर सिंह को गिरफ्तार करने का प्रयास किया है और बारात रोक दिया है पुलिस के आने की भनक लगते ही दूल्हा उसका पिता घर छोड़कर फरार हो गए हैं। प्रेम विवाह और प्रेमिका की शिकायत के बाद पुलिस ने दूल्हा बनने जा रहे को युवक की गिरफ्तारी को पुलिस प्रयास कर रही है लेकिन दूल्हा और उसका पिता फरार है।

## हिन्दू युवा वाहनी के जिलाध्यक्ष बने विपुल तिवारी

**कौशाम्बी।** हिन्दू युवा वाहनी के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर समर्थको ने माल्यार्पण कर विपुल तिवारी का जोरदार स्वागत किया है इस मौके पर एक सभा का आयोजन किया गया। जानकारी के मुताबिक विशाल हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद मिश्रा के द्वारा कौशाम्बी जिला अध्यक्ष का दायित्व विपुल तिवारी को सौपा गया विपुल तिवारी के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर समर्थको ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया और समर्थको ने कहा कि विपुल तिवारी के विशाल हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष बनाये जाने से संगठन और हिन्दू समाज मजबूत होगा इस मौके पर मुकेश तिवारी व अविनाश चौधरी तथा सनद त्रिपाठी व सुमित रैना लवलेश दुबे, ठाकुर अवधेश सिंह तथा रिंकु मिश्र व उमाकांत ओझा आदि ने दी बधाई शुभकामनाएं दी है।

## किसानों के दिल में सरकार विरोधी धधक रही ज्वाला, सरकार नहीं कर सकी शांत

**कौशांबी।** जिला कांग्रेस कमेटी मानवाधिकार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी कार्यालय में गुरुवार को एक बैठक का आयोजन किया गया है इस बैठक में वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा किया है।इस मौके पर जितेंद्र शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार पूरी तरह से किसानों को ही समाप्त कर देना चाहती हैं।



बैठक करते कांग्रेसी जन

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों की आवाज पूरी तरह से दबा देना चाहती है जिससे किसान त्रस्त है लेकिन किसानों गरीबों आम जनता को उनकी आवाज दबाने के कार्य कर रही योगी मोदी सरकार के कारनामों पर किसान जवाब देने के लिए तैयार खड़ा है और उनके अत्याचार को किसान बर्दाश्त नहीं करेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि 8 दिसंबर को भारत बंद होने की घोषणा किसानों की ओर से थी और भारत बंदी के दिन सिराथू करने की बाजार सरकारी नियमों से बंद रहती है पुलिस बल के सहारे सरकार ने किसानों व्यापारियों की आवाज बंद किया है लेकिन किसानों के दिल में जो सरकार विरोधी ज्वाला धधक रही है उसे भाजपा सरकार शांत नहीं कर सकी है जिसका खामियाजा भाजपा सरकार को आने वाले दिनों में भुगतना होगा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसान आंदोलन के दिन सिराथू कस्बे की साप्ताहिक बंदी थी लेकिन योगी सरकार की गुंडी पुलिस ने बंदी के दिन भी व्यापारियों की दुकानें खुलवा कर तानाशाही का परिचय दिया है। लेकिन बंदी के दिन दुकान खुलवा कर योगी की पुलिस ने क्या किसान और व्यापारियों का दिल जीत लिया है उनके अंदर ज्वाला धधक रही है जो समय आने पर विस्फोटक बनेगी इस मौके पर नरेंद्र कुमार सिंह हेमंत कुमार रावत दीपक राजपूत बृजेंद्र पांडेय चंद्र दत्त द्विवेदी आमीन मलिक कृष्ण कुमार पांडेय सुरेंद्र कुमार प्रीति शुक्ला एडवोकेट सहित तमाम लोगों ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर भड़ास निकाली है।